# वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट- 2020

## प्रीलिम्स के लिये:

वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट- 2020

## मेन्स के लिये:

वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट तथा इसका महत्त्व

## चर्चा मे क्यों?

हाल ही में सतत् विकास समाधान नेटवर्क (Sustainable Development Solution Network- SDSN) ने वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट-2020 (World Happiness Report- 2020) जारी की है।

## मुख्य बिंदु:

- 'विश्व खुशहाली रिपोर्ट' के आँकड़े वर्ष 2018 एवं 2019 दौरान एकत्रित किये गए थे, अत: यह रिपोर्ट कोरोनोवायरस बीमारी (COVID- 19) के प्रसार को रोकने के लिये लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों से प्रभावित नहीं हुई।
- SDSN ने वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट-2020 में 153 देशों को शामिल किया है।

## शीर्ष देश:

- सबसे खुशहाल देशों में फिनलैंड शीर्ष पर है। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमश: डेनमार्क एवं स्विट्ज़रलैंड हैं।

## भारत की स्थिति:

- इस वर्ष भारत का स्थान 144वाँ है जो पिछले वर्ष से 4 स्थान कम है।
- भारत का स्थान अपने पड़ोसी देशों नेपाल, पाकिस्तान बांग्लादेश, श्रीलंका, चीन से खराब स्थिति में है।

## निम्नतर स्थिति वाले देश:

- रैंकिंग में सबसे नीचे स्थान पाने वाले देश हिंसक संघर्ष एवं तीव्र गरीबी से पीड़ित हैं। ज़िम्बाब्वे, दक्षिणी सूडान और अफगानिस्तान को दुनिया के सबसे कम खुशहाल देशों में स्थान दिया गया है।

## खुशहाल राष्ट्र का अर्थ:

- जहाँ लोगों में अपनेपन का अहसास, एक-दूसरे पर भरोसा हो एवं साझा संस्थानों का (Shared Institutions) आनंद लेते हैं, वे राष्ट्र खुशहाल होते हैं।
- इन राष्ट्रों में अधिक सहन क्षमता (Resilience) होती है, क्योंकि साझा-विश्वास कठिनाइयों के बोझ को कम करता है तथा स्वस्थ (well-being) समाज का निर्माण करता है।




## नगर एवं खुशी (Cities and Happiness):

- नगर आर्थिक क्रियाओं के केंद्र (Economic Powerhouses) होते हैं। तीव्र नगरीकरण के कारण नगरों का महत्त्व लगातार बढ़ रहा है, अत: वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट में नगरों को भी शामिल किया गया है।
- नगरों के लिये पहली बार 'वैश्विक खुशहाली रैंकिंग' जारी की गई। यह रैंकिंग 'द इकोनॉमिस्ट' (The Economist's) द्वारा जारी 'ग्लोबल लिविबिलिटी इंडेक्स' (Global Liveability Index- GLI) से अलग है क्योंकि GLI 5 संकेतकों के मात्रात्मक एवं गुणात्मक विश्लेषण पर आधारित होता है, जबकि 'खुशहाल नगर सूचकांक' नगरीय निवासियों द्वारा निर्धारित भलाई (Well-Being) के मानकों पर आधारित है। शीर्ष 3 'खुशहाल नगर' हेलसिंकी (फिनलैंड), आरहूस (डेनमार्क), वेलिंगटन (न्यूज़ीलैंड) हैं।

## रिपोर्ट के बारे में:

- यह रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष सतत् विकास समाधान नेटवर्क (Sustainable Development Solution Network- SDSN) द्वारा प्रकाशित की जाती है।
    - वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट का प्रकाशन वर्ष 2012 से शुरू हुआ था। इस वर्ष इसका आठवाँ संस्करण प्रकाशित किया गया है।
    - खुशहाली को आँकने के लिये सूचकांक में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, कठिन समय में व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा, स्वस्थ जीवन की प्रत्याशा, सामाजिक सरोकार, व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा भ्रष्टाचार और उदारता की अवधारणा को आधार बनाया जाता है।

## सतत् विकास समाधान नेटवर्क:

- संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वावधान में संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क (Sustainable Development Solution Network- SDSN) वर्ष 2012 से काम कर रहा है।
- SDSN सतत् विकास हेतु व्यावहारिक समाधान को बढ़ावा देने के लिये वैश्विक वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञता जुटाता है, जिसमें सतत् विकास लक्ष्यों और पेरिस जलवायु समझौते का कार्यान्वयन भी शामिल है।
- SDSN संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, बहुपक्षीय वित्तपोषण संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के साथ मिलकर काम करता है।

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-happiness-report-2020